अरी तेरे सब संकट कट जाएँ

अरी तेरे सब संकट कट जाएँ पूजा गोवर्धन की करले
पूजा गोवर्धन की करले पूजा गोवर्धन की करले
अरी तेरे सब संकट कट जाएँ पूजा गोवर्धन की करले

अड्डे पे भीड़ बड़ी है वोटर नाये एक खड़ी है
अरे तू चलदे चालाम चाल पूजा गोवर्धन की करले

जा मानसी गंगा नाहियो गिरिराज को शीश नवाइयो
आरी तेरा जनम सफल हो जाए पूजा गोवर्धन की करले

परिकरमा में मिले भिखारी भिक्षा उनको दीजो भारी
अरे तू मिलके भजन गावले पूजा गोवर्धन की करले

मंदिर जो बीच पड़ेंगे पैसा एक एक चढ़ेंगे
अरी तेरी काया सफल हो जाए पूजा गोवर्धन की करले

फिर जतीपुरा तू जइयो वहाँ भोग प्रसाद लगाइयो
अरी गिरिराज पे दूध चढ़ाये पूजा गोवर्धन की करले

गिरिराज को ध्यान लगयेले मन वांछित फल तू पायेले
अरे तब भक्त कहे हर्षाये पूजा गोवर्धन की करले

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19118/title/ari-tere-sab-sankat-kat-jaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |